Date:
Registration number:

ST. JOSEPH'S COLLEGE (AUTONOMOUS), BENGALURU-27

B.COM. HINDI - IV SEMESTER

SEMESTER EXAMINATION: APRIL 2022

(Examination conducted in July 2022)

HNC 420 – HINDI

Time- 2 ½ hrs. Max Marks-70

This question paper contains 02 printed pages and five parts

प्रश्न I: निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक हज़ार शब्दों में लिखिए। 12x02=24

1. 'तमस' उपन्यास से हमें सांप्रदायिकता सद्भाव और राष्ट्रीय भाईचारे के बारे में क्या सीख मिलती है? अपने विचार व्यक्त करें।

2. रिचर्ड और लिज़ा के रिश्ते में मानसिक दूरियों के कारणों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

3. 'तमस' उपन्यास में दंगों के लिए भड़काए जाने वाले युवकों पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

प्रश्न II: निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 08x02=16

4. "हमने कभी सुअर मारा नहीं मालिक, और सुनते हैं सुअर मारना बड़ा कठिन काम है। हमारे बस का नहीं होगा हुज़ूर। खाल–बाल उतारने का काम तो कर दें। मारने का काम तो पिगरीवाले ही करते हैं।

5. “शत्रु पर उबलता तेल डालने का समय अभी नहीं आया है। उबलता तेल उस समय डाला जाता है जब शत्रु अपने दुर्ग पर हमला कर दे और आप हथियारों से उसका मुकाबला न कर सकते हों।“ फिर उसने तनिक सोचकर कहा, “यहाँ केवल छुरा चलेगा, कमानीदार छुरा।“

6. “मुझे बोलने दो। शरारत बाहर के गाँववाले करेंगे। हमें पूरी कोशिश करनी चाहिए कि इस गाँव में बाहर के लोग नहीं आएँ। इसका एक ही तरीका है कि यहाँ के अमनपसन्द सिख और मुसलमान मिलकर उन्हें रोकें। वे हमारे डर से असला इकट्ठा कर रहे हैं, और हम उनके डर से असला इकट्ठा कर रहे हैं।“

प्रश्न III: निम्नलिखित में से किन्हीं दो विषयों पर टिप्पणी लिखिए। 05x02=10

7. पैगंबर ख़िज्र और मूसा की कहानी से मिलने वाली सीख

8. भीष्म साहनी का जीवन परिचय

9. नत्थू का जीवन–संघर्ष

प्रश्न IV: निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग सात सौ शब्दों में टिप्पणी लिखिए। 01x10=10

10. आपकी कंपनी को 20 इलेक्ट्रॉनिक कारों की जरूरत है। इस विषय पर निविदा लिखिए।

11. बैंक की भगत सिंह नगर शाखा से महात्मा फुले नगर शाखा में आपके खाते को ट्रान्सफर करने संबंधी पत्र शाखा प्रबंधक को लिखिए।

प्रश्न V: निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग सात सौ शब्दों में निबंध लिखिए। 01x10=10

12. आज की भारतीय पत्रकारिता

13. विद्यार्थी जीवन में स्वतंत्रता

==